कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
E-mail- cgvyapam@gmail.com Website- cgvyapam.choice.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2019 / 941

रायपुर, दिनांक 10/04/2019

# प्रेस विज्ञप्ति

## छ.ग उच्च न्यायालय के HCEP18, HCRP18 & HCLB18 भर्ती परीक्षाओं के प्रथम चरण परीक्षा परिणाम जारी करने के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के अंतर्गत रिक्त निम्नलिखित पदों हेतु निम्नानुसार भर्ती परीक्षाएँ आयोजित की गई थी –

| क्र. | परीक्षा / पद का नाम | परीक्षा तिथि |
|---|---|---|
| (i) | सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवं सहायक प्रोग्रामर (HCEP18) | 23-12-2018 |
| (ii) | सहायक रजिस्ट्रार (I.T.) एवं कम्प्यूटर प्रोग्रामर (HCRP18) | 06-01-2019 |
| (iii) | सहायक लायब्रेरियन एवं लायब्रेरी सहायक (HCLB18) | 13-01-2019 |

उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं के प्रथम चरण (कौशल परीक्षा हेतु पात्र / अपात्र) परिणाम जारी करने के सम्बंध में प्रमुख सचिव, छ.ग.शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय, अटल नगर, रायपुर को व्यापम द्वारा पत्र क्रमांक / 2019 / 769, दिनांक 12.03.2019 प्रेषिंत कर निर्वाचन आयोग से अनुमति प्राप्त करने का आग्रह किया गया था । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर के पत्र क्र / 2239 रायपुर दिनांक 29 मार्च 2019 से प्राप्त अनुमति के आधार पर अवर सचिव, छ.ग.शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय, अटल नगर, रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 1–19 / 2019 / तक.शि. / 42 दिनांक 04.04.2019 के तारतम्य में उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं के प्रथम चरण परीक्षा परिणाम उक्त पदों हेतु घोषित किया गया है जिसमें कौशल परीक्षा हेतु पात्र एवं अपात्र की घोषणा की गई है ।

इन भर्ती परीक्षाओं के अंतिम उत्तर तथा प्रथम चरण (कौशल परीक्षा हेतु पात्र / अपात्र) का परिणाम व्यापम के वेबसाइट पर आज दिनांक 10.04.2019 को प्रदर्शित कर दिया गया है । अभ्यर्थी घोषित परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर अवलोकन कर प्रिंट आउट प्राप्त कर सकते हैं।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर